संक्षिप्त

सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आज

खैरथल। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान दिवस 2026 का भव्य आयोजन 19 मार्च को होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि कार्यक्रम का सायं 7:00 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर, पुरानी अनाज मंडी, खैरथल में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में कालबेलिया, चरी, घूमर, भपंग वादन, कच्ची घोड़ी नृत्य, मयूर नृत्य और फूलों की होली जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन होगा। यह आयोजन राजस्थानी संस्कृति की समृद्धि और विविधता का सजीव चित्रण करेगा। कार्यक्रम में खास आकर्षण मयूर एवं फूलों की होली, जिसमें जाने-माने लोक कलाकार अपने अनोखे अंदाज में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन करेगा और प्रदेश के गौरवशाली अतीत को याद करेगा।

चांद नज़र आने पर बीस को ईद

देवली। रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी पड़ाव पर अब रमजानियों की नजरें आसमान पर टिक गई हैं। 1 महीने से रमजान कर रहे हैं मुस्लिम समाज के लोगों में ईद कि खुशियां देखी जा रही है। पाक रमजान के चलते समाज के मोहम्मद इदरीश ने जानकारी में बताया कि शहर में ईद 20 मार्च (चांद नज़र आने से) मनाई जाएगी। ईदुल फितर की नमाज़ शहर के सी. आई. एस. एफ. परिसर स्थित ईदगाह में शुक्रवार को सुबह 9.15 बजे शाही जामा मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ अमान रज़ा द्वारा पढ़ाई जाएगी। रमजान के मुकद्दस महीने के आखिरी पडाव पर अब सबकी नजरें आसमान पर टिक गई हैं। जानकारी के अनुसार 19 मार्च, जुमेरात को ईद के चांद देखने का एहतिमाम करने की अपील की गई है। गुरुवार को चांद नजर आते ही रमजान का समापन होगा।

भरतपुर में 28 अवैध गैस सिलेंडर जब्त

भरतपुर । भरतपुर जिले में वर्तमान में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त स्टॉक है, सभी गैस एजेन्सीओं द्वारा बुकिंग प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान स्टॉक की उपलब्धता एवं नियमित खपत के सन्दर्भ में उपलब्धता संतोषजनक होने के तथ्य को सुनिश्चित किया गया है। बुधवार को रसद विभाग की टीम द्वारा 28 अवैध गैस सिलेंडर जब्त किये गये। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि गैस की आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने हेतु गठित विशेष प्रवर्तन दल द्वारा प्रभावी रूप से निगरानी रखी जा रही है। बुधवार को निठार ईण्डेन गैस एजेन्सी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में 4752 गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हुई एवं 5289 गैस सिलेण्डरों का उपभोक्ताओं को वितरण किया गया तथा 6095 गैस सिलेण्डरों का स्टॉक बुधवार 18 मार्च को वितरण के लिये गैस एजेन्सीयों पर उपलब्ध है। तेल कम्पनीओ द्वारा भी जिले में गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को भरतपुर नगर निगम क्षेत्र में छापे मारकर कुल 28 सिलेण्डर जप्त किये गये।

भरतपुर नगर निगम क्षेत्र में रसद विभाग के दल ने छापे मारकर कुल 28 सिलेंडर जब्त किये ।

- **राजेन्द्र प्रसाद के घर से 22 सिलेंडर जब्त किये**

कृष्णा स्वीट कुम्हेर गेट से 2, रोयल पेंट एवं हार्डवेयर कुम्हेर गेट से 4 एवं नीमदा गेट निवासी राजेन्द्र प्रसाद के घर से 22 सिलेण्डर जब्त किये गये। उन्होंने बताया कि आगे भी घरेलू गैस सिलेण्डरो के अवैध उपयोग को रोकने के लिए कार्यवाही जारी रहेगी। राज्य स्तर पर घरेलू गैस के समस्याओं के सम्बन्ध में राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन न0 14435 एवं जिला स्तर की हैल्पलाइन न0 05644-220320 पर प्राप्त समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

पेयजल आपूर्ति गडबड़ाई

फुलेरा । जलदाय विभाग की ओर से की जा रही पेयजल आपूर्ति अनियमित होने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। नियमित जल सप्लाई नहीं होने से आमजन की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि कई इलाकों में समय पर पानी नहीं पहुंचने से लोगों को मजबूरी में महंगे दामों पर पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इससे आमजन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड रहा है। स्थानीय निवासी रामविलास शर्मा, मुरारीलाल सिंवाल का कहना है कि विभाग को पेयजल आपूर्ति को नियमित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। गौरतलब है कि फुलेरा परिक्षेत्र में 6-7 दिनों के अन्तराल में जलापूर्ति की जा रही है, वह भी मात्र 10-15 मिनट के लिए। इतने से पानी से परिवार की जरुरतों को पूरा नहीं किया जा सकता है। इतना होने के बाद भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि उदासीन रवैया अपनाकर बैठे हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार ही नहीं है।

सार-समाचार

नागर आज टोंक दौरे पर

टोंक । राजस्थान दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर टोंक दौरे पर रहेंगे। नागर जिला प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, विकास कार्यों एवं फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। साथ ही, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध पूर्णता एवं आमजन तक अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राज्य सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल प्रमुख घोषणाओं, नवाचारों एवं जनहितकारी पहलों की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मीडिया के समक्ष साझा करेंगे। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिलों में आयोजित होने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रभारी मंत्री सहभागिता करेंगे। राजस्थान दिवस उत्सव के अवसर पर गुरुवार,19 मार्च को सायं 7 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित राज सखी मेले में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

पटवारी के डेढ़ लाख रुपए चोरी

टोंक । दूनी तहसील मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में मंगलवार को पटवारी के साथ दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। जिसमें दो अज्ञात चोर मौका पाकर पटवारी के बैग से डेढ़ लाख रुपए चुराकर फरार हो गए, पता लगने के बाद पटवारी घबरा गया और आसपास लोगों से पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो उसने बैंक मैनेजर को पूरी बात बताई। जिसके बाद बैंक मैनेजर ने बैंक के सीसीटीवी देखे तो दो संदिग्ध नजर आए, उनमें से एक बैंक में काउंटर के पास सीट पर रखे रुपए से भरे बैग में से डेढ़ लाख रुपए का बंडल निकाल कर ले जाते हुआ भी दिखाई दे रहा है। इसके बाद पटवारी बुद्धिप्रकाश मीणा ने दूनी थाने में मामला दर्ज कराया तथा पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बेनीवाल से मिले कार्यकर्ता

फुलेरा। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ता आगामी विशाल सभा के आयोजन को लेकर पार्टी सुप्रीमो व सांसद हनुमान बेनीवाल से मिले। रालोपा के जगदीश ककरालिया ने बताया कि इस दौरान जोबनेर-फुलेरा के आसपास के क्षेत्रों में पंचायत राज चुनाव से पूर्व बड़ी सभा आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी रणनीति के तहत सभा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर जीवन सुंडा, जगदीश ककरालिया, गोपाल नारायण, रामनिवास पूनिया, महेश सेफ्ट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

होटल से युवक लापता

पावटा। विराटनगर क्षेत्र के बागावास बनीपार्क निवासी एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परिजन ने पुलिस थाना प्रागपुरा में रिपोर्ट देकर युवक की तलाश की गुहार लगाई है। प्रार्थी ओमप्रकाश पुत्र प्रभात (जाति बलाई), निवासी बागावास बनीपार्क तहसील विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने बताया कि उसका भाई सोनाराम पुत्र प्रभात पिछले 2-3 वर्षों से पावटा-शाहपुरा क्षेत्र स्थित एक होटल पर कार्यरत था। 3 मार्च 2026 को वह बिना किसी सूचना के होटल से कहीं चला गया और तब से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने बताया कि सोनाराम न तो घर पहुंचा है और न ही वापस अपने कार्यस्थल पर लौटा है। रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। लापता युवक की उम्र करीब 41 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गेहूंआ, कद लगभग 5.5 फीट और शरीर मध्यम है।

एसपी के कार्य संभालते ही थाना भाभरू का औचक निरीक्षण

पावटा। जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह कार्यभार संभालते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी ने वृत्त कार्यालय विराटनगर एवं थाना विराटनगर, थाना भाभरू का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान यहां अधिकारियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल व विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल व भाबरु थाना प्रभारी रामकिशोर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यालय और थाने में रिकॉर्ड संधारण की स्थिति को बारीकी से जांचा तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर न्याय मिल सके। इसके साथ ही सतवीर सिंह ने मालखाना व्यवस्था, जब्त सामान के रख-रखाव और रजिस्टरों के संधारण को भी परखा। उन्होंने मालखाने की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा रिकॉर्ड को अपडेट रखने के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों और कार्मिकों से कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए और सक्रिय पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आमजन के साथ संवेदनशील और मित्रवत व्यवहार रखने की बात कही, ताकि पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह का अधिकारियों और स्टाफ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

रोजेदारों ने खजूर से खोला रोजा

शाहपुरा । शाहपुरा विधायक मनीष यादव के संग बुधवार को सैंकड़ों रोजेदारों ने खजूर से रोजा खोला। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी।वार्ड नंबर-16 में सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें हजारों रोजेदारों और क्षेत्रवासियों ने एक साथ रोजा खोला। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज के बाद देश में शांति, प्रगति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष दुआ मांगी गई। इफ्तार के दौरान सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए विधायक मनीष यादव ने कहा कि रमजान का महीना धैर्य और इंसानियत का संदेश देता है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण व्यास, ने कहा विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में रोजा इफ्तार पार्टी का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में भाईचारा व सभी समुदायों के लोग मिलजुल कर रहे।

विकास कार्यों में गति लाएं : डिप्टी सीएम

दौसा । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट में सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पर्यटन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में संचालित विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों, भवनों सहित विभिन्न विकास कार्य भरपूर स्वीकृत किए हैं। यह सभी कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे होने से ही आमजन को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने गत बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। अधूरे कार्यों की गहन समीक्षा कर उनके कारणों को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को बाधाएं दूर कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस वर्ष की बजट घोषणाओं में स्वीकृत कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किए जाएं। साथ ही, निर्माणाधीन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित कर समयबद्ध समाधान किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार जुर्माना एवं ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों को पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति, भवनों की मरम्मत, विद्युत कनेक्शन, एसडीआरएफ के माध्यम से हुए कार्यों तथा रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। पर्यटन विभाग की समीक्षा में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार, जगमोहन मीणा, उप मुख्यमंत्री के विशिष्ट सहायक दिनेश शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा अरविंद शर्मा, उपखंड अधिकारी दौसा संजू मीणा, पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- **विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं, अधिकारी नियमित निरीक्षण करें : उप मुख्यमंत्री**

शाहपुरा में शाही गणगौर महोत्सव 21 को

शाहपुरा, पावटा। राजस्थान अपनी समृद्ध विरासत, भव्य स्मारकों, रंगीन परंपराओं और जीवंत त्योहारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। इन्हीं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग एवं रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से शाहपुरा में शाही गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष 21 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से रावला मोती महल, शाहपुरा में शाही गणगौर महोत्सव भव्य रूप से आयोजित होगा। यह आयोजन वर्षों से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हुए देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता आ रहा है और ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा प्रदान कर रहा है। गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख और अत्यंत शुभ पर्व है, जो वसंत, समृद्धि और वैवाहिक सौभाग्य का प्रतीक है। 'गण' भगवान शिव तथा 'गौर' माता पार्वती का प्रतीक हैं। 18 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा धारण कर उपवास रखती हैं और ईसर-गौरी की पूजा-अर्चना करती हैं। इस आयोजन में होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी टूरिज़्म राजस्थान, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, होटल एसोसिएशन ऑफ जयपुर और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स का विशेष सहयोग रहेगा। शाम 5 बजे रावला मोती महल से ईसर महाराज और गणगौर माता की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी।

इस शोभायात्रा में सजे-धजे घोड़े-ऊंट, लोक कलाकार, पारंपरिक वेशभूषा, पंजाब के पीतल बैंड एवं सांस्कृतिक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। देशी एवं विदेशी पर्यटक इस भव्य आयोजन का आनंद लेंगे। महोत्सव में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा कालबेलिया, चरी, मयूर एवं घोड़ा नृत्य सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके साथ ही हॉर्स इंडिया रॉयल इवेंट के संस्थापक डॉ. राव अजीत सिंह द्वारा विशेष घुड़सवारी एवं हॉर्स शो आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत द्वारा एक विशेष स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एयर कंडीशनर की लाइव डेमोंस्ट्रेशन, का परिचय, सेफ्टी अवेयरनेस तथा टूल्स एंड टैकल्स से संबंधित प्रैक्टिकल जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह महोत्सव न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की एक सशक्त पहल भी है। इस प्रकार के आयोजन शाहपुरा जैसे ऐतिहासिक क्षेत्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर विशेष पहचान दिला रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न ठिकानेदार, पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं होटल एवं पर्यटन उद्योग से जुड़े वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

शाहपुरा में शाही गणगौर महोत्सव का आयोजन 21 मार्च को किया जायेगा।

- **विदेशी पर्यटकों की मौजूदगी में संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण पर्यटन का भव्य संगम**

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक :- 11013 दिनांक :-18/03/26

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 262/333 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री हितेश श्रीमाल पुत्र श्री बाबूलाल श्रीमाल को विक्रय जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6415 दिनांक 28.10.2003 को जारी किया गया। श्री हितेश श्रीमाल के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 19.05.2022 को उप पंजीयक अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री हितेश श्रीमाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.06.2022 के द्वारा श्री विजय मानवानी पुत्र श्री गोकुल चन्द मानवानी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री विजय मानवानी द्वारा श्रीमती सुनीता गोयल पत्नी श्री मुरारी लाल गुप्ता को दिनांक 25.08.2022 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती सुनीता गोयल द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 30.12.2022 के द्वारा श्री दामोदर प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-कठूंबी, जयपुर, के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री दामोदर प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त आवास मे अपना नाम मण्डल रिकर्ड मे दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री दामोदर प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामसहाय शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खेडीराम समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक:- प्रा.पं. खेडीराम/निविदा/तेखा/2025-26/292 दिनांक : 16/03/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत खेडीराम के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओ मे कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग मे पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओ जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा मे जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एव निविदा मे सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि एव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. ZJP2526GLOB02892
TENDER ID-2026 PRD 546503 1

प्रशासक, ग्राम पंचायत खेडीराम पंचायत समिति सांभर लेक जयपुर — ग्राम पंचायत खेडीराम पंचायत समिति सांभर लेक जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत चैनपुरा समिति सांभरलेक जिला जयपुर, (राज.)

क्रमांक-ग्रा.पं. चैनपुरा/निविदा/लेखा/2025-26/34 दिनांक-16/08/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत चैनपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओ मे कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एव राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग मे पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओ जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा मे जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एव निविदा मे सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि एव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. ZJP2526GLOB02897
TENDER ID-2026_PRD_546556_1

प्रशासक, ग्राम पंचायत चैनपुरा पंचायत समिति सांभर लेक जयपुर — ग्राम पंचायत चैनपुरा पंचायत समिति सांभर लेक जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गिरीश कुमार पुत्र श्री मोहन दास के स्वामित्व की सम्पत्ति मकान नम्बर 2010 (पश्चिमी हिस्सा) नाहरगढ रोड, जगजीत महादेव के पीछे, पुरानी बस्ती, जयपुर मे स्थित है। उक्त सम्पत्ति का क्षेत्रफल 69.80 वर्ग है। उक्त सम्पत्ति पूर्व मे श्री राम गोपाल पुत्र श्री चौथमल के स्वामित्व की थी तथा श्री रामगोपाल के निधन के पश्चात उक्त सम्पत्ति के स्वामी उनके पुत्र श्री गणेश नारायण हुए। तत्पश्चात श्री गणेश नारायण का निधन दिनांक 22.11.2009 को हो जाने के पश्चात उनके विधिक वारिसान उक्त सम्पत्ति के मालिक व स्वामी हुए। तत्पश्चात श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती राधा देवी, श्रीमती कृष्णा देवी पुत्रियां स्व. श्री गणेश नारायण तथा श्रीमती उषा खण्डेलवाल व श्रीमती निशा खुंटेटा पुत्रियां स्व. श्री ओमप्रकाश झालानी के द्वारा उक्त सम्पत्ति मे अपने हक व हिस्से के सम्बन्ध मे एक पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 25.04.2025 को श्री सत्यनारायण झालानी पुत्र स्व. श्री गणेश नारायण, श्री राजेश झालानी एवं श्री अमित खण्डेलवाल पुत्रान् स्व. श्री ओमप्रकाश के हक मे निष्पादित कर दिया गया। उक्त पंजीकृत हकत्याग पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय जयपुर दशम के कार्यालय मे दिनांक 28.04.2025 को पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात् श्री सत्यनारायण झालानी पुत्र स्व. श्री गणेश नारायण, श्री राजेश झालानी एवं श्री अमित खण्डेलवाल पुत्रान् स्व. श्री ओमप्रकाश द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.07.2025 के श्री राहुल लखवानी पुत्र श्री लक्ष्मण लखवानी को कर दिया गया। उक्त विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, जयपुर दशम के कार्यालय मे दिनांक 03.07.2025 को पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात श्री राहुल लखवानी पुत्र श्री लक्ष्मण लखवानी द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.12.2025 के श्री गिरीश कुमार पुत्र श्री मोहन दास को कर दिया गया। उक्त विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय, जयपुर षष्ठम् के कार्यालय मे दिनांक 16.12.2025 को पंजीबद्ध किया गया। इस प्रकार उक्त सम्पत्ति का मालिक व स्वामी श्री गिरीश कुमार पुत्र श्री मोहन दास हुआ। श्री गिरीश कुमार पुत्र श्री मोहन दास द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ए.यू. स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड से ऋण लिया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा विवाद हो, तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता से 07 दिवस मे सम्पर्क करे।

(अनिल गुप्ता) एडवोकेट, बी-63, जनता कॉलोनी आदर्श नगर, जयपुर, मो.नं.-9829016624

यूपीएससी में चयन का दावा फर्जी

कोटपूतली। हाल ही जारी रिजल्ट में खुद को यूपीएससी में चयनित बताकर गांव और जनप्रतिनिधियों को गुमराह करने का मामला आया सामने। जांच में उसका दावा फर्जी निकला, जिसमें उसने एडमिट कार्ड से छेड़छाड़ कर दूसरे अभ्यर्थी की रैंक को बताया अपना।

कोटपूतली बहरोड़ जिला के बानसूर क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने खुद को यूपीएससी में चयनित बताकर गांव ही नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन तक को गुमराह कर दिया।

नांगल भाव सिंह गांव निवासी निशांत कुमार ने दावा किया था कि उसने सिविल सेवा परीक्षा में 899वीं रैंक हासिल की है, लेकिन जांच में यह दावा पूरी तरह फर्जी निकला। बता दे कि 6 मार्च को जैसे ही रिजल्ट की चर्चा फैली, निशांत के घर जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने उसे कंधों पर बैठाकर जुलूस निकाला और ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव में घुमाया। मामला यहीं नहीं रुका। स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत सहित कई जनप्रतिनिधि भी उसे बधाई देने उसके घर पहुंच गए। मंच सजा, माइक थमाया गया और निशांत ने अपनी कथित सफलता की कहानी सुनाकर सभी को प्रभावित कर दिया।

किशनगढ़बास बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद भी जाम के हालात

किशनगढ़ बास। शहर में अंदर संचालित हो रहे रोडवेज बस स्टैंड को बाहर हाईवे पर स्विफ्ट कराने के पिछे अधिकारियों उद्देश्य रहा था की शहर में सड़कों पर रहने वाली वाहनों की भीड़ कम होगी और बार बार के जाम से शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी, ऐसा ही कुछ शहर वासियों ने